चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/426
दिनांक : 26.09.2020

## विज्ञप्ति

विषय : **बी0एड0 द्वितीय वर्ष 2019–20 (सत्र 2018–20) की आन्तरिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर ऑनलाईन अपलोड किये जाने की तिथि के विस्तारण के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय की बी0एड0 द्वितीय वर्ष 2019–20 (सत्र 2018–20) की लिखित परीक्षा दिनांक 06.10.2020 से प्रारम्भ होने जा रही है। उक्त लिखित परीक्षा से पूर्व ही आन्तरिक परीक्षाओं के ऑनलाईन अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड किया जाना है, किन्तु पोर्टल के अवलोकन से स्पष्ट हो रहा है कि अधिकांश महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा अपने–अपने विद्यार्थियों के आन्तरिक अंक अभी तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं।

माननीय कुलपति जी के आदेश दिनांक 25.09.2020 के अनुपालन में **अंको को ऑनलाईन अपलोड किये जाने कि तिथि दिनांक 27.09.2020 से 03.10.2020 तक विस्तारित की जाती है।** ऐसे महाविद्यालयों/संस्थानों से अपेक्षित है कि वे दिनांक 03.10.2020 तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपने–अपने विद्यार्थियों के आन्तरिक अंक ऑनलाईन अपलोड करते हुये उक्त ऑनलाईन अंकपर्णो की हार्डकॉपी की कुलसचिव प्रति एवं टेबूलेटर प्रति गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–40 पर दिनांक 05.10.2020 तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में यदि उनके महाविद्यालय/संस्थान का परीक्षाफल यथासमय घोषित नहीं किया जाता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान का होगा। **परीक्षा समिति द्वारा पारित संकल्प के क्रम में समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों को सूचित किया जाता है कि ऑफलाईन अंक किसी भी दशा में स्वीकार नही किये जायेंगे।**

26/9/2020
परीक्षा नियन्त्रक

**प्रतिलिपि :–**

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
4. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
5. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
6. उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)।
7. प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र।
8. समन्वयक, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
9. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित से प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को समस्त सम्मानित राष्ट्रीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
10. प्रतिनिधि, आउटसोर्स एजेन्सी को इस निदेश के साथ प्रेषित कि समस्त बी0एड0 महाविद्यालयों/संस्थानों को निर्बाध लिंक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सहायक कुलसचिव (गोपनीय)

D:/Office Puneet//Office Pad/278